आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

28.04.2024 समय : 1850

- समाज कल्याण विभाग की राज्य बाल संरक्षण इकाई की ओर से आज चिन्मय मिशन पोर्ट ब्लेयर में अवकाश शिविर का आयोजन किया गया।
- पेंशनभागियों के जीवन को आसान बनाने के लिए सभी पेंशन वितरण बैंकों के पेंशन पोर्टल को एकीकृत पेंशनभोगी पोर्टल में एकीकृत किया जाएगा।
- भारतीय आरक्षी वाहिनी और स्वास्थ्य विभाग की ओर से कल बटालियन मुख्यालय में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।
- केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने करदाताओं की कठिनाईयों को कम करने के लिए फार्म दाखिल करने की समय सीमा बढ़ा दी है।

<><><><><><><>

समाज कल्याण विभाग की राज्य बाल संरक्षण इकाई की ओर से आज चिन्मय मिशन पोर्ट ब्लेयर में अवकाश शिविर का आयोजन किया गया। पोर्ट ब्लेयर बाल देखभाल संस्थानों के बच्चों के लिए आयोजित इस जागरूकता कार्यक्रम में समाज कल्याण निदेशक डॉ. नितिन शाक्या ने बच्चों से मन लगाकर पढ़ाई करने और कौशल विकास करने को कहा। चिन्मय मिशन के स्वामी शुद्धान्नद सरस्वती ने बच्चों से एकाग्रता के लिए ध्यान और योग करने की सलाह दी। आयुष की डॉ. रेखा ने बच्चों को पौष्टिक और उचित आहार लेने की आदत डालने को कहा। उन्होंने सुबह बच्चों से जल्दी उठकर पढ़ाई के साथ समय पर भोजन ग्रहण करने को भी कहा। गैर–सरकारी संगठन पंख की अध्यक्षता कोमल आनन्द ने बच्चों को अपने दैनिक जीवन को अनुशासित बनाने और विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में भाग लेने की सलाह दी। आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर के समाचार वाचक और अनुवादक राकेश चन्द्र लाल ने बच्चों के व्यक्तित्व विकास पर बल देते हुए, उनसे आत्म विश्वास उत्पन्न करने को कहा, ताकि वे समाज में अपने आप को स्थापित कर सकें। उन्होंने कहा कि बच्चों को अपने कौशल विकास के साथ–साथ खुद पर भरोसा रखना चाहिए, ताकि वे अपने आप को कमज़ोर न समझे। उन्होंने कहा कि बच्चे ही आने वाले राष्ट्र के कर्णधार है और उन्हें अपने को इस तरह विकसित करना चाहिए, ताकि वे किसी भी परिस्थिति का सामना कर सके।

<><><><><><><>

भारतीय आरक्षी वाहिनी और स्वास्थ्य विभाग की ओर से कल बटालियन मुख्यालय में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान गैर–रोगाणुवाहक रोग की जांच की गई। मधुमेह, हृदय रोग से संबधित और अन्य बीमारियों की भी जांच की गई। तपेदिक की रोकथाम के लिए टीकाकरण के महत्व के बारे में भी बताया गया। आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविर के दौरान इसके जरिए इलाज और लाभ के बारे मे बताया गया। धुम्रपान और तम्बाकू के सेवन से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे भी जानकारी दी गई। इस शिविर में छोलदारी की प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. स्निग्दा बिश्वास आयुर्वेद के चिकित्सा अधिकारी डॉ. कीर्ति के अलावा अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने अपना सहयोग प्रदान किए।

<><><><><><><>

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डिगलीपुर की ओर से हाल ही में गोपाल नगर–दो जैसे दूरदराज के गांव में बाल प्रजनक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डिगलीपुर सामुदायिक स्वाथ्य केन्द्र के डॉक्टरों ने बच्चों और बुर्जर्गों का इलाज किया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. शिप्रा मिस्त्री ने मौखिक और स्तन कैंसर के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर जरूरी दवाओं का वितरण भी किया गया।

<><><><><><><>

पेंशनभागियों के जीवन को आसान बनाने के लिए सभी पेंशन वितरण बैंकों के पेंशन पोर्टल को एकीकृत पेंशनभोगी पोर्टल में एकीकृत किया जाएगा। पेंशनभोगी कल्याण विभाग के सचिव श्रीनिवास बैंक और इंडिया के एकीकृत पेंशनभागी पोर्टल के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि पेंशन एवं पेशनभोगी कल्याण विभाग ने पेंशनभोगियों के कल्याण को बढ़ाने के लिए कई पहल की है। डिजिटल सशक्तिकरण एक ऐसी पहल है और इसे डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र और भविष्य पोर्टल जैसे विभिन्न माध्यमों से कार्यान्वित किया जा रहा है। जो सेवानिवृत्त व्यक्ति द्वारा अपने कागजात ऑनलाइन दाखिल करने से लेकर इलैक्ट्रिॉनिक प्रारूप में पी.पी.ओ. जारी करने तक शुरू होता है।

पेंशनभोगियों को बैंकों से संबंधित समस्याओं जैसे बैंक बदलना, जीवन प्रमाण पत्र जमा करने की स्थिति, पेंशन पर्ची, फार्म–सोलह, पेंशन रसीद की जानकारी को कम करने के लिए पेंशन वितरण बैंकों की वेबसाइटों को एकीकृत पेंशनभोगी पोर्टल के साथ एकीकृत किया जा रहा है, जो इन सेवाओं को एकल खिड़की से उपलब्ध कराने में सक्षम बनाएगा।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह चिकित्सा आयुर्विज्ञान संस्थान ने त्वचा रोग सर्जरी की शुरूआत की है। त्वचा रोग विभाग की डॉ. अरिशा सलीम को इसके लिए विशेष रूप से प्रशिक्षित किया गया है, ताकि वे द्वीपवासियों के लाभ के लिए इस प्रक्रिया को अंजाम दे सके। डॉ. अरिशा को मस्सा, तिल, सौम्य ट्यूमर और घातक त्वचा विकार को हटाने के साथ त्वचा विज्ञान शल्य चिकित्सा प्रक्रियाओं को संभालने के लिए प्रशिक्षित किया गया है। शुरू की गई अन्य कॉस्मेटिक प्रक्रियाओं में नाक छिदवाना, बंद करना, मुहासे और त्वचा के मालिनीकरण के लिए रसायनिक पिल्स आदि शामिल है। बालों के झड़ने और गंजेपन के शिकार मरीजों के बालों के विकास को बहाल करने के लिए हेयर ट्रांसप्लांट सर्जरी जैसे नवीनतम तौर–तरीकों को जल्द ही अपनाया जाएगा। पोर्ट ब्लेयर में इस सेवा के शुरू होने से द्वीपों के मरीजों को उपचार के लिए लम्बी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी। मुम्बई अस्पताल में प्रशिक्षित डॉक्टर की मदद से मरीजों का विशेष ध्यान रखा जाएगा और त्वचा संबंधी रोग में काबू पाया जा सकेगा। इस डॉक्टर के मदद से अनिम्स के अन्य डॉक्टरों को सीखने और शोध करने का अवसर मिलेगा। यह प्रयास द्वीपों में स्वास्थ्य देखभाल के क्षेत्र में अनिम्स की एक उपलब्धि होगी। इस सेवा के विस्तार से द्वीपवासियों को काफी लाभ मिलेगा।

**<><><><><><>**

केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने करदाताओं की कठिनाईयों को कम करने के लिए ट्रस्टों, संस्थानों और फण्डो द्वारा फार्म दस–ए, फार्म दस ए–बी दाखिल करने की समय सीमा तीस जून तक बढ़ा दी है। फार्म दस–ए भरकर पंजीकरण कराते है, जबकि फार्म दस –ए–बी का इस्तेमाल पंजीकरण के नवीनीकरण के लिए किया जाता है। सी बी डी टी ने कहा कि वे ट्रस्ट, संस्थान या फण्ड जिनके नवीनीकरण के आवेदन केवल देर से दाखिल करने या गलत सेक्शन कोर्ड के तहत दाखिल करने के आधार पर खारिज कर दिए गए थे। वे तीस जून के समय सीमा के भीतर आवेदन आयकर विभाग के ई–फाइलिंग पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन दाखिल कर सकते हैं।

**<><><><><><>**

वित्तीय साइबर धोखाघड़ी में एक नई प्रवृति देख जा रही है। जहां अपराधी फर्जी नौकरी का एस एम एस भेजकर साइबर अपराध कर रहे है, जिसके लिए वे ऑनलाइन विज्ञापन देते है और दावा करते है कि वे नौकरियां प्रदान कर सकते हैं।, जिनमें घर से ही काम करके कम समय और मेहनत में अधिक पैसा कमाया जा सकता है। धोखाधड़ी के लिए साइबर अपराधी एक नौकरी देने वाले या भर्तीकर्ता की भूमिका निभाता है, और आकर्षक रोजगार का झांसा देता है, और नौकरी चाहने वालों से पूर्व में कुछ पैसे देने की मांग करता हैं। धोखाधड़ी द्वारा भेजे गए एस एम एस, पीड़ित के पैसे और उनकी व्यक्तिगत जानकारी को निकालने के लिए ज्यादा वेतन वाली पार्ट टाइम नौकरियों की पेशकश करते हैं। इस संबंध मे अण्डमान निकोबार पुलिस ने किसी भी सहायता, जानकारी और पूछताछ के लिए साइबर अपराध पुलिस थाना से राष्ट्रीय हेल्पलाइन नम्बर–1930 तथा पुलिस साइबर हेल्पलाइन नम्बर पर संपर्क करने को कहा है।

**<><><><><><>**

डिगलीपुर पुलिस ने ए.टी.एम. चुराने और इसके जरिए पैंतीस हजार रूपए खाते से निकालने वाले तीन संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के दौरान सुकुमार मण्डल, बिश्मॉय दास और बच्चा दास नामक तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी के पास से दस हजार रूपए और एक मोबाइल फोन बरामद किया। पुलिस ने आम जनता से अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों के बारे में सूचना देने का अनुरोध किया है।

**<><><><><><>**